पंजाब केसरी 16/12/2025

विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। (चंद्रमोहन)

जी.एम.एन. कॉलेज में हरित एवं सतत ग्रीन सस्टेनेबल क्षेत्र का विकास

अम्बाला, 15 दिसम्बर (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों, स्टाफ एवं नर्सिंग विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से कॉलेज परिसर में एक हरित एवं सतत ग्रीन सस्टेनेबल क्षेत्र का विकास किया गया। इस पहल ने संस्थान की पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाया।

इसके अंतर्गत पौधारोपण, अपशिष्ट सामग्री का पुन: उपयोग, हरित सौंदर्यीकरण तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरुकता से सम्बंधित गतिविधियां संचालित की गई। विकसित किया गया यह क्षेत्र परिसर की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए एक व्यवहारिक शिक्षण स्थल के रूप में भी उपयोगी सिद्ध होगा।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार की पहल विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं। जी.एम.एन. कॉलेज में हम शिक्षा के साथ-साथ सतत विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी समान महत्व देते हैं। विद्यार्थियों की यह सक्रिय सहभागिता सराहनीय है और भविष्य के लिए प्रेरणादायी है। डा. दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज आगे भी पर्यावरण संरक्षण और विद्यार्थी-नेतृत्व वाली गतिविधियों के माध्यम से सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में निरंतर प्रयास करता रहेगा।

विद्यार्थियों ने रचनात्मक एवं पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों के माध्यमं से खुले परिसर क्षेत्र को एक आकर्षक हरित स्थल में परिवर्तित किया। नर्सिंग विद्यार्थियों की भागीदारी ने स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक दायित्व के समन्वित दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप है। कॉलेज प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों के सहयोग और समर्पण की प्रशंसा की।